Raj Express (Indore), 01st January 2023, Page – 05

आईआईटी इंदौर देगा 2023 में नए बीटेक कार्यक्रम

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी के अनुसार अगले शैक्षणिक वर्ष तक केमिकल इंजीनियरिंग, गणित और कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग भौतिकी में 3 नए बीटेक कार्यक्रम आईआईटी इंदौर शुरु कर रहा है। आईआईटी इंदौर ने अपनी स्थापना के बाद से एक लंबा सफर तय किया है। 2009 में 3 बीटेक पाठ्यक्रमों से शुरू होकर, आज की तारीख में यूजी, पीजी और पीएचडी में 45 पाठ्यक्रमों की पेशकश की जा रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, पाठ्यक्रम को लगातार संशोधित किया जा रहा हैं। संकाय सदस्य वीएलएसआई डिजाइन, निर्माण और अनुप्रयोग और ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स में एमटेक पाठ्यक्रम विकसित करने पर भी काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने बदलते वैश्विक परिदृश्य और मेक इन इंडिया विजन के तहत चिप निर्माण के लिए मप्र में एक इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर स्थापित करने की योजना बनाई है।